तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 व्यवधान को लेकर पीजी कॉलेज स्टाफ काउंसलिंग की हुई बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

### गृह मंत्री ने ली रेंज के पुलिस अधिकारियों की बैठक

# कार्रवाई ऐसी हो कि अपराधियों में रहे कानून का डर : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि पुलिस की कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि अपराधी कानून से डरे और आम जनता को भरोसा हो कि कानून-व्यवस्था उनकी सुरक्षा के लिए है। जनता के मन में सम्मान और अपराधियों के मन में भय होना चाहिए, यही हमारी पुलिस व्यवस्था की असली सफलता है।

**खास बात**
- कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा, आम नागरिकों से बेहतर व्यवहार के दिए निर्देश

गृह मंत्री श्री शर्मा को पुलिस को-ऑर्डिनेशन संेटर में पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सोमवार को डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में रेंज के पुलिस अधीक्षकों और राजपत्रित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गृह मंत्री श्री शर्मा ने कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और पुलिस तंत्र को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों के मन में भय पैदा करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। गंभीर अपराधों के मामलों में दोष सिद्धि की दर बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने सभी जिलों में मामलों की नियमित और वैज्ञानिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस अधीक्षक न केवल अपने कार्यालय में आने वाले लोगों से समय पर मिलें, बल्कि अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझें। जिले के कॉलेज और स्कूलों का महीने में एक बार भ्रमण अवश्य करें और थानों में अनुशासन के लिए एसपी-एसएसपी और डीएसपी प्रत्येक सप्ताह परेड भी कराए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुवा, आईजी पीएचक्यू अजय यादव, आईजी सरगुजा दीपक झा, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल के साथ ही एसपी जशपुर, कोरिया, एमसीबी व सभी जिलों के राजपत्रित अधिकारी मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

**दोषियों को कठोर सजा मिले**

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में मानव तस्करी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन सुनिश्चित करने और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की बात कही गई। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने, चिटफंड कंपनियों के मामलों की गंभीरता से जांच करने और निवेशकों को धनवापसी की कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाने, यातायात प्रबंधन को मजबूत बनाने और ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार केवल पुलिस का नहीं बल्कि प्रशासन और समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने सभी स्कूलों और कॉलेजों में ड्रग-फ्री कैंपस अभियान चलाने, छात्रों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए जनता और पुलिस के बीच भरोसे का रिश्ता मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

**जनता से जुड़ाव के निर्देश**

बैठक के दौरान डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण, बीट प्रणाली की नियमित समीक्षा और 'लेखकन ऐप' के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम सभाओं और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को पुलिस से जोड़ा जाए, ताकि लोग पुलिस को अपना मित्र और संरक्षक मानें।

# शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष, यूपी से आकर दबंगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के सनावल में शासकीय जमीन को लेकर सोमवार को खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि यूपी से पांगन नदी पार कर आए दबंगों ने लाठी डंडे व टांगी से हमला कर ग्रामीणों की पिटाई कर दी। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं एसपी ने मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

- 20 से 25 की संख्या में पहुंचे थे हमलावर, मारपीट के बाद पांगन नदी पार कर भागे, तीन की हालत गंभीर

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल थाना अंतर्गत ग्राम तालकेश्वरपुर में वन विभाग और राजस्व की भूमि मौजूद है और उक्त भूमि पर गांव के आदिवासी समाज के लोगों का वर्षों से कब्जा है। ग्रामीण वर्षों से भूमि पर खेती किसानी करते आ रहे है। हालांकि कुछ वन भूमि को वन विभाग ने कब्ज़ा मुक्त भी कराया है लेकिन अभी भी 50 एकड़ से अधिक भूमि पर कब्जा है। वहीं अब उक्त भूमि पर अब यूपी के लोगों की नजर पड़ गई है। ग्रामीण जय सिंह ने बताया कि यूपी बभनी सागोबान निवासी ग्रामीणों ने भूमि पर कब्जा करना शुरू किया था जिसे लेकर विवाद चल रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि यह छत्तीसगढ़ की जमीन है और वे यूपी से आकर इसपर कैसे कब्जा कर सकते है। सोमवार को इसी विवाद के बीच तालकेश्वरपुर निवासी विजय सिंह, विद्या सागर सिंह व शंकर प्रसाद अपना खेत देखने गए हुए थे। इसी दौरान यूपी से लगभग 20 से 25 की संख्या में लाठी डंडे व टांगी से लैस लोग पहुंच गए और तीनों ग्रामीणों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान ग्रामीणों ग्रामीणों को टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

ग्रामीण घटना स्थल पर ही बेहोश हो गए थे। इधर ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई तो वे भी मौके पर पहुंचे लेकिन पूर्व में छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों की संख्या कम थी ऐसे में उन्होंने बाकी ग्रामीणों की भी पिटाई कर दी। वहीं जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते हमलावर पांगन नदी को पार कर यूपी भाग निकले।


अस्पताल में घायल ग्रामीण।

**किया गया रिफर**

घटना के बाद गंभीर रूप से घायल विजय सिंह, विद्या सागर सिंह व शंकर प्रसाद को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं जय सिंह व अन्य ग्रामीणों ने यूपी के सागोबान निवासी नामदेव गुप्ता, मुखदेव गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, ललन प्रसाद गुप्ता, सतनदेव गुप्ता सहित अन्य के खिलाफ सनावल थाने में शिकायत की है। थाना प्रभारी सनावल गजपति मिर्रे ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है। इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है।

**दिए गए है निर्देश**



जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट की सूचना मिली है। थाना प्रभारी को अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना करने व आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए है।
-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

**खबर संक्षेप**

### जिले में सांसद चिंतामणि महाराज करेंगे ध्वजारोहण



**बलरामपुर।** जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि चिंतामणि महराज मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे तथा देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगें। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति होगी तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### सरगुजा संभागायुक्त 13 को करेंगे वाड्रफनगर का दौरा

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा 13 अगस्त को संभागीय भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 10.30 बजे अंबिकापुर से वाड्रफनगर के लिए प्रस्थान करेंगे और राजस्व एवं वन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। भ्रमण के दौरान कमिश्नर दुग्गा वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र, संरक्षित वन क्षेत्र, नारंगी वन क्षेत्र, छोटे-बड़े झाड़ के जंगल सहित विभिन्न स्थलों का मौके पर निरीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन करेंगे। संभागायुक्त के निरीक्षण को लेकर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

**बलरामपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिवस पूर्व 14 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे कलेक्टर निवास (पुराना बस स्टैण्ड) से शुरू होकर स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलरामपुर के खेल मैदान में सम्पन्न किया जायेगा। स्वतंत्रता दौड़ में जिले के समस्त विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण शामिल होगें। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति के पार्षद शैलेश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थानीय विश्राम गृह में आज बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी गणेश पूजन पर्व की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से पार्षद शैलेश कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, निर्णायक समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच संचालन, मीडिया, प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया, महिला संयोजिका तथा गणपति धाम व्यवस्था सहित सभी कार्यों हेतु समितियों का गठन किया गया तथा जिम्मेदारी सौंपी गईं।

- गणपति धाम में होगी भव्य महाआरती और सामूहिक विसर्जन

गणेश पूजन पर्व का शुभारंभ 27 अगस्त से होगा जो 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। पर्व का समापन शहर के घड़ी चौक पर आयोजित सामूहिक विसर्जन कार्यक्रम से होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में शहर भर के सभी गणपति पंडाल एकत्रित होकर एक साथ भगवान गणेश का पूजन, चरण वंदन तथा विसर्जन करेंगे। समिति ने इस वर्ष गणेश उत्सव को अधिक व्यवस्थित और भव्य स्वरूप देने हेतु पंडालों को दो वर्ग वरिष्ठ और कनिष्ठ में विभाजित किया है। इन वर्गों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सज्जा, और स्वच्छता के लिए अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति धाम में भव्य महाआरती का निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया और अध्यक्ष शैलेश सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। गणपति धाम, हाथी पखना में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा की स्थापना तथा मंदिर निर्माण कार्य भी तीव्र गति से जारी है। समिति द्वारा मिट्टी वितरण की परंपरा इस वर्ष भी निभाई जाएगी, जिसमें गणपति धाम की पवित्र मिट्टी विभिन्न पंडालों में वितरित की जाएगी। गणपति धाम की विशेषता यह है कि यहाँ स्वयंभू गणपति की आकृति महामाया पहाड़ पर प्रकट हुई है, जिससे इस स्थान को विशेष धार्मिक महत्व प्राप्त हुआ है। हाथी पखना क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि भी इस स्थल को विशिष्ट बनाती है। बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति ने लोकमान्य ⏭ शेष पेज 4 पर



# दो दिन बाद फिर होगी झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फिलहाल मौसम में बदलाव आने की संभावना नहीं है। मानसून द्रोणिका अभी भी हिमालय की तराई क्षेत्र के पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय है। मौसम विज्ञानी खाड़ी में हलचल होने तक मौसम के इसी तरह बने रहने एवं स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। एक पखवाड़े पूर्व मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसकर लगातार उत्तर की ओर बढ़ रही थी जिससे क्षेत्र में मानसून की वर्षा में कमी आ रही थी। लगातार ऊपर की ओर खिसकते हुए मानसून द्रोणिका कुछ दिनों से हिमालय के तराई क्षेत्र में सक्रिय है।

जिसके कारण पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में अच्छी वर्षा हो रही है वहीं मानसून द्रोणिका के ऊपर खिसकने के कारण सरगुजा सहित पूरे प्रदेश में मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई है। मानसूनी वर्षा बंद होने के बाद चिलचिलाती धूप निकलने से उमस बढ़ गया है। धूप निकलने के बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हो गई है। पूर्व में लगातार बारिश होने के कारण रात में ठंडक महसूस हो रही थी वहीं अब धूप निकलने के कारण रात में उमस से राहत के लिए पंखा चलाना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक मौसम के इसी तरह रहने एवं स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में 13 अगस्त से हलचल शुरू होने एवं कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के साथ ही मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में लौट जाएगी तथा पूर्व की तरह फिर से मानसून की वर्षा प्रारंभ हो जाएगी। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

# ग्रामीणों को मिला सिर्फ दो माह का राशन, प्रशासन से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन महीने का राशन जारी होने के बाद भी हितग्राहियों को एक महीने का राशन नहीं दिया गया। दुकान संचालक ने ग्रामीणों का अंगूठा पूरे तीन माह के राशन के लिए लगवाया लेकिन राशन सिर्फ दो माह का ही प्रदान किया गया। अब ग्रामीणों ने जन दर्शन में इस मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद तहसीलदार ने भी खाद्य विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए है। दरअसल बारिश के मौसम में होने वाली परेशानी के मद्देनजर राज्य शासन के निर्देश पर हितग्राहियों को जून महीने में ही एक साथ तीन माह का राशन एकमुश्त जारी करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के तहत हिग्राहियों का पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाकर उन्हें तीन महीने का चावल प्रदान किया जा रहा था लेकिन कई ग्राम पंचायतों में यह समस्या आई है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों ने अंगूठा लगवाने के बाद हितग्राहियों को पूरे महीने का चावल नहीं दिया। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया है। कलेक्टोरेट पहुंचे लखनपुर विकासखंड के ग्राम तुरना के ग्रामीणों ⏭ शेष पेज 4 पर

- जून में जारी हुआ था एक मुश्त तीन माह का खाद्यान्न



**दिए है जांच के निर्देश**

ग्राम तुरना के ग्रामीणों ने दो माह का ही चावल दिए जाने की शिकायत की है। एक माह का चावल क्यों नहीं दिया गया इसकी जांच के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए गए है। जांच में यदि कोई दोषी मिलता है तो कार्रवाई होगी।
- उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार

### अस्पताल पहुंचकर एंबुलेंस में कराया शिफ्ट, जांच के निर्देश

# गंभीर मरीज को पिकअप में भरकर कर रहे थे रिफर, विधायक ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बतौली

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इसका एक प्रमुख कारण समय पर मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलना है। रविवार की रात भी एकबार फिर मरीज को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने का मामला सामने आया है। सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को रिफर किए जाने के बाद पिकअप में भरकर भेजा गया। बड़ी बात यह है कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद घायल व्यक्ति को एंबुलेंस मिल पाया लेकिन इस लापरवाही के कारण विवाद की स्थिति निर्मित हुई। अब इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दे दिए है।

बता दें कि रविवार की देर शाम एनएच 43 पर माझापारा पुलिया के समीप तेज रफ्तार स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 एजी 5638 के चालक सीतापुर सरगा निवासी शिव कुमार कुजूर ने बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी थी। इस घटना में सीतापुर आदर्शनगर निवासी 27 वर्षीय विक्की तुरिया आ.राम सुन्दर तुरिया की पत्नी 26 वर्षीया लक्ष्मी तुरिया व 2 वर्षीया बेटी बेबी की मौत हो गई थी जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए शांतिपारा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि मरीज सड़क दुर्घटना में गंभीर मरीज को एंबुलेंस नहीं मिल पाया। इंतजार के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंचा तो मरीज को पिकअप में डालकर भेजा जा रहा था। गंभीर रूप से घायल और दर्द से कराहते व्यक्ति को पिकअप के डाला में लिटा दिया गया। इस घटना का वीडियो ⏭ शेष पेज 4 पर


घटना की जानकारी लेते विधायक।

**विधायक ने दिए निलंबित करने के निर्देश**

अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद थे लेकिन चालक नहीं था। वहीं विधायक श्री टोप्पो के पहुंचने के बाद बीएमओ अस्पताल पहुंचे। जब अस्पताल में मरीज को रिफर करने को लेकर परिजन और स्थानीय लोग परेशान थे तो बीएमओ बैडमिन्टन खेलने गए हुए थे। इस बात की जानकारी लगने के बाद विधायक ने बीएमओ डॉ. संतोष सिंह को जमकर फटकार लगाईं। उन्होंने जीवनदीप समिति के चालक को तत्काल हटाने का निर्देश दिया इसके साथ ही बीएमओ को भी निलंबित करने की अनुशंसा की।

**बीएमओ ने लगाया मारपीट का आरोप**

विधायक द्वारा कार्रवाई की अनुशंसा किए जाने के बाद अब बीएमओ डॉ. संतोष सिंह की तरफ से आरोप लगाए गए है। चिकित्सक का कहना है कि अस्पताल में सिर्फ एक ही एंबुलेंस चालक है जो शव वाहन और छोटे एंबुलेंस का संचालन करता है। 108 एंबुलेंस को पहुंचने में देरी हुई। व्यवस्था की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। इस दौरान विधायक द्वारा संस्पेंड करने की अनुशसा की गई जबकि मेरे साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की गई। जीवन दीप समिति के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई।

**किसी ने हाथ नहीं लगाया**

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा तो बीएमओ मौके पर नहीं थे। एंबुलेंस चालक शराब के नशे में था। बीएमओ बैडमिन्टन खेल रहे थे। उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गये है। भीड़ आक्रोशित थी लेकिन कार्रवाई के बाद परिजन का गुस्सा शांत हुआ। भीड़ का कोई हिस्सा नहीं होता। सीतापुर के लोग मेरे समर्थक है। उन्हें किसी ने हाथ नहीं लगाया है।
-राम कुमार टोप्पो, विधायक

## खबर संक्षेप



### हाइड्रो पावर प्लांट से प्रभावित किसानों से मिले पूर्व विधायक

**भैयाथान।** ग्राम पासल स्थित छत्तीसगढ़ हाइड्रो पावर प्लांट द्वारा रेण नदी में बिजली उत्पादन के लिए नदी के पानी को रोका गया है जिससे बरसात में ग्राम पासल व भैयाथान के दर्जनों किसानों की लगभग 30-40 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। स्थिति से किसान काफी परेशान व चिंतित है। किसानों को मुआवजा दिलाने को लेकर भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े सोमवार को ग्राम पासल पहुंचे तथा प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने एक-एक कर प्रभावित किसानों से चर्चा कर नुकसान की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि 39 किसानों की 13.63 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई जिसमें पासल, हर्रापारा, भैयाथान व सत्यनगर के किसान शामिल है। पूर्व विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि पिछले 15 दिनों से किसान परेशान हैं तथा इनका सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों के खेतों में जलभराव नहीं हुआ है बल्कि हाइड्रो पॉवर प्लांट की खराब इंजीनियरिंग के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित हुई है जिससे किसान अपने खेतों में खेती नहीं कर पाए हैं तथा किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर एस जयवर्धन से बात कर प्रभावित किसानों को शासन द्वारा निर्धारित 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 3100 रूपए मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। इस दौरान जिपं सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रावेंद्र प्रताप सिंह, जनपद सदस्य राजू गुप्ता, नूर आलम, संतोष सारथी, राहुल सिंह, पार्थ सिंह, विनय पावले, विश्वनाथ, रजमोहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रभावित किसान उपस्थित थे।

### परसा खुली खदान में उद्यानिकी नर्सरी का उद्घाटन



**अम्बिकापुर।** परसा खुली खदान में विकसित विशेष उद्यानिकी नर्सरी का उद्घाटन खदान परिसर में किया गया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और सतत हरित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उद्घाटन के अवसर पर नर्सरी स्थल पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को साकार रूप मिला। इस नर्सरी में अब तक 15 से अधिक स्थानीय वन प्रजातियों के 20 हजार से अधिक पौधे तैयार किए जा चुके हैं। जिनमे साल, महुआ, तेंदू, साजा, बहेड़ा, इमली, आम, कटहल, जामुन और नीम प्रजातियां शामिल हैं, जो स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के पुनरुद्धार में सहायक होंगी। पौधों की देखभाल के लिए अत्याधुनिक टपक सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है और प्रशिक्षित वनस्पतिशास्त्री प्रत्येक पौधे की नियमित निगरानी करेंगे।

#### पार्षद के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

# व्यवधान को लेकर पीजी कॉलेज स्टाफ काउंसलिंग की हुई बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बाहरी लोगों के प्रवेश पर लगी रोक

प्रवेश को लेकर शुक्रवार को हुए विवाद के बाद राजीव गांधी पीजी कॉलेज के स्वशासी प्रकोष्ठ के कंट्रोलर डॉ.दीपक सिंह एवं अन्य सदस्यों के इस्तीफा देने के बाद प्रकोष्ठ में ताला बंद होने के बाद सोमवार को आनन-फानन में स्टॉफ काउंसलिंग की बैठक बुलाई गई। बैठक में उपस्थित प्राध्यापकों ने कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा इसके निवारण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

शुक्रवार को पार्षद दीपक यादव एक छात्रा के प्रवेश को लेकर कॉलेज में पहुंचे थे तथा प्राचार्य के कहने पर स्वशासी प्रकोष्ठ में मौजूद प्रवेश प्रभारी से मिलने गए थे। इस दौरान दोनों के बीच तेज आवाज में बात करने पर कंट्रोलर ने उन्हें बाहर जाने को कह दिया था जिसको लेकर समर्थको के साथ उन्होंने जमकर हंगामा मचाया था जिसके बाद स्वशासी प्रकोष्ठ के कंट्रोलर एवं सदस्यों ने प्राचार्य को इस्तीफा सौंप दिया था। कॉलेज में पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई जब प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण स्वशासी प्रकोष्ठ में ताला लटका रहा। सोमवार को प्राचार्य डॉ.स्नेहलता श्रीवास्तव रोज की तरह दोपहर 12.45 बजे कॉलेज पहुंची तथा कुछ वरिष्ठ प्राध्यापकों को 1 बजे स्टाफ की बैठक बुलाने की सूचना प्रसारित करने को निर्देश दिए। प्राध्यापकों ने इस पर आपत्ति भी जताई तथा तत्काल सभी को फोन कर बैठक की सूचना दी। बैठक में उपस्थित प्राध्यापकों ने बारी-बारी से कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर अपनी बातें रखी तथा बाहर के व्यक्तियों के सामने प्रवेश प्रभारियों को बुलाकर जानकारी पूछने पर आपत्ति जताई। प्राध्यापकों ने कहा यह प्राचार्य का दायित्व है कि वे बाहरी लोगों की समस्याएं सुनें तथा निर्णय लें तथा बाद में निर्णय से प्रभारियों को अवगत कराएं। उनकी इस पहल से प्राध्यापक हतोत्साहित हैं। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है तथा किसी का भी प्रवेश नियमानुसार ही होगा। जनप्रतिनिधि भी इस बात को समझें तथा प्रवेश के लिए अनावश्यक दबाव न दें।

कौंसिल ने सर्वसम्मति से जनप्रतिनिधियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया। प्रवेश को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होने के कारण कलेक्टर एवं एसपी को स्थिति से अवगत करा सुरक्षा के लिए पुलिस बल की मांग करने का निर्णय लिया गया। प्राध्यापकों ने कहा कि प्रवेश को लेकर आए दिन हो रहे विवाद से वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे है। यह भी निर्णय लिया गया कि अब कोई भी बाहरी व्यक्ति स्वशासी प्रकोष्ठ में प्रवेश नहीं करेगा तथा जरूरत पड़ने पर समस्या के संबंध में आवेदन देगा जिसका निराकरण किया जाएगा। बैठक में किसी भी विषय में प्राचार्य को निर्णय लेने के बाद संबंधित प्रभारी से क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पार्षद के अनधिकृत रूप से स्वशासी प्रकोष्ठ में घुसने एवं हंगामा मचाने के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया। बैठक में प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्राचार्य ने कहा कि स्वशासी प्रकोष्ठ के कंट्रोलर सहित किसी भी सदस्य का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। अब कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रकोष्ठ में नहीं घुसेगा। सभी सदस्य पूरी ऊर्जा के साथ अपना कार्य प्रारंभ करें। प्राध्यापकों की समझाइश के बाद प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने दोपहर बाद फिर से कामकाज प्रारंभ किया।

**एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के अंतिम दिन प्रक्रिया रही ठप**

संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी पीजी कॉलेज में आय दिन अनियमितता सामने आती है ऐसे में एक बार फिर पीजी कॉलेज एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर का मेरिट लिस्ट 5 तारीख को जारी किया गया था जिसमें विद्यार्थियों को 6 से 11 तारीख तक एडमिशन का तिथि निर्धारित किया गया था। इसी बीच दो दिन छुट्टी थी। एडमिशन के अंतिम दिन कई विद्यार्थी कॉलेज में एडमिशन कराने पहुंचे जहां सुबह 10 से 2.30 बजे तक एडमिशन की प्रक्रिया होनी थी लेकिन सुबह से कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया ठप नजर आई। दूर दराज के विद्यार्थियों को हो रही परेशानी को लेकर आजाद सेवा संघ प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को साथ में लेकर प्राचार्य के कार्यालय पहुंचे जहां उन्हें आश्वासन दिया गया जल्द एडमिशन प्रक्रिया शुरू होगी। इस दौरान छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, नीतीश भाई पटेल, विकास, अली, अनुराग जायसवाल, आंचल मिश्रा, तूलिका एवं बड़ी संख्या में प्रवेश लेने वाले छात्र उपस्थित रहे।



**छात्रों ने मचाया हंगामा**

बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित नहीं होने पर छात्र-छात्राओं ने सोमवार को जमकर हंगामा मचाया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्वशासी प्रकोष्ठ में पिछले तीन दिनों से ताला बंद है तथा परीक्षा फल घोषित करने कोई पहल नहीं हो रही है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.राजकमल मिश्रा ने विद्यार्थियों को शीघ्र परीक्षाफल घोषित करने का आश्वासन दिया तो विद्यार्थी शांत हुए।



## मालवीय मिशन की कार्यकारिणी गठित, हुई अध्यात्मिक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारिणी का गठन संगम चौक स्थित गौरी भवन में किया गया।

संरक्षक हरिशंकर त्रिपाठी के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष ब्रम्हाशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीके सिंह, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह तोमर, सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता, सहसचिव राजनारायण द्विवेदी, कोषाध्यक्ष प्रकाश कश्यप, गीता प्रभारी अशोक सोनकर तथा सह गीता प्रभारी सच्चिदानंद पाण्डेय चुने गये। शेष सक्रिय सदस्यों को कार्यकारिणी में रखा गया है। पं.रामनारायण शर्मा ने आध्यात्मिक संगोष्ठी में कहा कि भक्त निष्काम कर्म और श्रद्धा से तथा ज्ञानी अपने ज्ञान से मुक्ति को प्राप्त करता है। भगवान भक्त में तथा भक्त भगवान में अनुरक्त है जिससे कोई उद्वेग को प्राप्त न हो तथा शत्रु एवं मित्र को समान समझने वाला संतुष्ट मन स्थित बुद्धि भक्त ईश्वर को प्रिय है। धर्म को अमृत के समान मानकर सबमें ईश्वर का दर्शन करना चाहिए। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि अनन्य भक्ति और अनुराग से जो भजता है वह परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। भक्ति और ज्ञान योग दोनों ही ईश्वर को पाने का मार्ग है किन्तु भक्ति मार्ग सुगम और श्रेष्ठ है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि गीता के बारहवें अध्याय में 20 श्लोक हैं जिसमें एक में अर्जुन का प्रश्न तथा शेष में कृष्ण का उत्तर है। आरएन अवस्थी ने कहा कि त्याग सुख का आधार है। साधु को त्यागी होना चाहिए। हरिशंकर सिंह ने प्रेम और विश्वास के साथ गीता को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जयप्रकाश चौबे ने कहा कि अध्याय 12 भक्ति प्रेम और समर्पण का पाठ सिखाता है। साकार रूप से पूजा करना सांसारिक रूप से बंधे लोगों के लिए सहज है। मिशन के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं गीता मर्मज्ञ ब्रम्हाशंकर सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए नवीन कार्यकारिणी को साथ में लेकर सामंजस्य के साथ मिशन को आगे बढ़ाने की बात कही।

इस दौरान ललित मोहन तिवारी, मदनमोहन मेहता, आइबी तिवारी, मुकुंदलाल साहू आदि उपस्थित थे।

## अनोखी सोच द्वारा असहाय परिवार की बुजुर्ग महिला का कराया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अनोखी सोच एक समाज सेवी संस्था जो संवेदनाओं एवं मूल्यों को निभाने में अग्रणी रहती है। आज संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने एक निर्धन बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया। सत्तीपारा शिव मंदिर समीप निवासी दिलकुंवर (90 वर्ष) की बीती रात मृत्यु हो गई।

परिवार अति निर्धन एवं असहाय है और दाह संस्कार करने में भी सक्षम नहीं है। मृतिका अपने पीछे अपनी नतिनी को छोड़ गई है, जो लोगों के घर में झाड़ू, पोछा एवं बर्तन माँजकर भरण-पोषण करती है। मृतिका दिलकुंवर का शव सत्तीपारा शिव मंदिर के पास पड़ा हुआ था। मोहल्ले के लोगों ने अंतिम संस्कार हेतु संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से सम्पर्क किया। सूर्यप्रकाश साहू के साथ अनोखी सोच के सदस्यों ने आवश्यक सामग्री जुटाकर पूरे विधि- विधान से दाह संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया। मृतिका को मुखाग्नि उनके दामाद घुरन दास द्वारा दिया गया। परिवार की निर्धनता को देखते हुए इनकी नतिनी और दामाद को अनोखी सोच संस्था द्वारा आगे भी परिवार के जीवन- यापन से सम्बंधित सभी जिम्मेदारियों को पूरा किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू के साथ अभय साहू, पंकज चौधरी, संजू चटर्जी, सुनील साहू, चंद्र प्रताप सिंह, राकेश शुक्ला, बिज्जू बंसल, मोती ताम्रकार, समित मुंडा, प्रदीप साहू, विकाश साहू, विशाल साहू, अंकित, मनोज अग्रवाल, सत्यम साहू, रमेश साहू, निशांत जायसवाल, सावन, अजय साहू, मुकेश मुंडा, मोनू कुजूर, उदय साहू, दिलीप श्रीवास्तव, नीरज साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर सभाकक्ष में नवगठित शिवनंदनपुर नपं के 15 वार्डों की हुई आरक्षण प्रकिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



लम्बे इंतेजार व गहमा-गहमी के बाद करीब एक वर्ष पूर्व गठित हुई नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया आखिरकार सोमवार को सम्पन्न हो गई। वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब नगर पंचायत के चुनाव की उल्टी गिनती भी इसके साथ शुरू हो गई है।

कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया अधिकारी कर्मचारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी हुई जिसमें नगर पंचायत के कुल 15 वार्डों में 2 वार्ड अजजा,5 वार्ड ओबीसी,8 वार्ड सामान्य व 5 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित घोषित हुई है। बता दें कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष का पद पहले से ही ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित है और अब वार्डो का आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब अगले चरण में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराने का कार्य होगा और उसके बाद संभव है कि नवम्बर या दिसंबर माह में चुनाव भी पूरे करा लिए जाएंगे।नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया सुरजपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लाटरी पद्धति से पूर्ण कराई गई,यहां पर नवीन नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होगा। आरक्षण प्रक्रिया में वार्ड नंबर 3, 8, 11, 12, 13, 15 को अनारक्षित घोषित किया गया है। इसी तरह वार्ड नंबर 1, 9, 10 को ओबीसी, वार्ड नंबर 4 व 7 को सामान्य महिला वर्ग हेतु आरक्षित किया गया है। इसी तरह अजजा वर्ग हेतु वार्ड नम्बर 6,अजजा महिला वर्ग हेतु वार्ड नंबर 5 एवं ओबीसी महिला वर्ग हेतु वार्ड नंबर 2 व 14 को आरक्षित किया गया है,इस दौरान अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम शिवानी जायसवाल, नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा सहित नगर के कृष्ण गोयल बल्लु, ललित गोयल,मनी बग्गा,रितेश जायसवाल,शितिकांत स्वाईं बाबू,धर्मेंद्र गुप्ता,श्यामू साहू, एहमद वाहिद, रजा अंसारी उपस्थित थे।

**चुनावी तैयारियों में जुटे राजनितिक दल के पदाधिकारी**

वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद चुनावी फील्ड अब तैयार हो चुका है,राजनीतिक खेमों में गतिविधियां तेज हो गई हैं,यहाँ पर अब नए चेहरों को मौका मिलने की उम्मीद है,वहीं पुराने नेताओं के लिए यह आरक्षण किसी चुनौती से कम नहीं होगी,नपं शिवनंदनपुर के अध्यक्ष व वार्डो के आरक्षण प्रक्रिया उपरांत अब भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया हेतु सर्वे कार्य तेजी से कराने की पहल शुरू कर दी है,अध्यक्ष पद के सम्भावित दावेदारों ने जिला संगठन और पार्टी के प्रभावी चेहरों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।



## ब्लैक स्पॉट पर पुलिस ने जेसीबी चलवाकर झाड़ियों की सफाई कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर-बनारस हाईवे पर लटोरी में सी कृषि फार्म मोड़ समीप ब्लैक स्पॉट बन चुके झाड़ियों को आज सोमवार को लटोरी पुलिस द्वारा जेसीबी व मजदूरों से सफाई कराया गया।

गौरतलब है कि बनारस हाइवे पर लटोरी में स्थित सी कृषि फार्म मोड़ समीप आएदिन सड़क दुर्घटना होने से अब तक कई मौतें व लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं,यहां पर दुर्घटना की बड़ी वजह बारिश के मौसम में सड़क किनारे उगी बड़ी झाड़ियों को माना जा रहा है जिस वजह से सामने वाले राहगीर दिखाई नहीं पड़ते थे और यह स्थान ब्लैक स्पॉट बन चुका है,ऐसी स्थिति में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने सोमवार को सी कृषि फार्म मोड़ एक्सीडेंट जोन को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहल की गई है।मोड़ के पास स्थित घनी व लम्बी झाड़ियों को जेसीबी व मजदूरों की मदद से साफ करा दिया गया है।सफाई के बाद अब इस मोड़ से आगे दूर तक सड़क साफ दिखाई देने लगी है, जिससे वाहनों के बीच टक्कर की संभावना कम हो गई है।

## झगड़ा-फसाद और अवैध गतिविधियों में शामिल पांच युवक भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड मटन मार्केट क्षेत्र में कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे हैं।

तत्काल टीआई जूटमिल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और युवकों को समझाइश दी, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद झगड़ा मारपीट कर रहे रितेन उर्फ खदरू सारथी, सोनू चौहान और अशोक चौहान को थाने लाया गया। इसी बीच राजीवगांधीनगर में मार्कण्डेय यादव और कांशीराम चौक में कवि खटर्जी द्वारा मोहल्लेवासियों से विवाद की शिकायत पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अनावेदकों ने पुलिस दल के प्रति आक्रोश दिखाया जिसके चलते उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के कृत्यों को गंभीरता से लेते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जूटमिल पुलिस ने सभी को एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश मिला। जेल भेजे गए आरोपियों में रितेन उर्फ खदरू सारथी (23) निवासी सांगीतराई डीपापारा, सोनू चौहान (19) निवासी कयाघाट, अशोक चौहान (28) निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी, मार्कण्डेय यादव (21) निवासी राजीवगांधीनगर और कवि खटर्जी (21) निवासी गांधीनगर कांशीराम चौक शामिल हैं।

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 अगस्त 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CGHS से मान्यता प्राप्त
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
कम खर्चे में ईलाज
सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
डॉ.चेतन चतुर्वेदी
MD General Medicine DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY EX. Okhla New Delhi Ex. LLRM Medical College Meerut Ex. AIIMS Raipur
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -10 अगस्त 2025 दिन - रविवार
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bngalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 9, 10 अगस्त 2025, शनिवार, रविवार
समय - सुबह 10 - 3 बजे तक, शाम 5 - 8 बजे तक


12 अगस्त
डॉ. डी. के. सोनी जी
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष
सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत: हैप्पी न्यूट्रीशन क्लब, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप



### किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** भारतीय किसान संघ द्वारा जिला अध्यक्ष बलरामपुर के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संघ ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मनमानी ढंग से विद्युत कटौती की जा रही है जिससे किसान परेशान है। खेती किसानी का सीजन है और सहकारी समितियां में खाद की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पा रही है, पूरे जिले भर में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। कई क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा यूरिया खाद 266 की जगह 800 रुपए तक में बेचा जा रहा है। इस तरह डीएपी खाद 1350 की जगह में 2000 रुपए में बिक्री हो रही है जिससे किसानों को महंगी कीमतों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा, सुरेश सिंह, बैजू कुशवाहा, हरी लाल, विपिन सिंह, विदुर सिंह व अन्य मौजूद थे।

### बरियों मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**राजपुर।** बरियों में भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा से पहले मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व मे बैठक कर चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कमल राम, बीडीसी सुमन गुप्ता, खुखरी बीडीसी हरि नागेश, सरपंच रवि टेकाम, बादा धर्मराम, ककना सरपंच कुमार साय, आमडी सरपंच धर्मपाल, उपसरपंच राजकमल जायसवाल, मंडल महामंत्री बसंती राजवाड़े, सुनयना, सुरेश यादव, वीरेंद्र जायसवाल, सुरेश जयसवाल, रमाकांत पांडे, अमर गुप्ता, घासी पंडा, मिथिलेश पटेल, शैलेंद्र दास, रामा शकर, शंकर, शिव प्रसाद, कृपा शंकर, अरुण, मुरारी, कांत जायसवाल, राजकुमार व अन्य मौजूद थे।

### नगर में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शंकरगढ़।** सोमवार को शासकीय कन्या उमावि एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गणेश चौक बचवार से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शंकरगढ़ चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंह देव, जिला पंचायत सदस्य संगीता पैकरा, जनपद सदस्य तिलासाय मंडल, अध्यक्ष विवेक जायसवाल, अमिताभ सिंह देव, राजेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रेम गिरी, नीरज कश्यप, पूजा कश्यप, योगेश यादव, अखिलेश दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, प्राचार्य, शिक्षक रैली में शामिल हुए।

### पत्नी के मायके जाने पर युवक ने तलवार लेकर जमकर मचाया उत्पात

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम दुरती खदरापारा निवासी हरकलाल शुक्रवार को शराब के नशे में धुत होकर मां कुंती बाई से पत्नी को मायके भेजने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने और घर से तलवार निकाल कर उत्पात मचाने लगा। घटना की जानकारी लगते ही चचेरे भाई देव सिंह बीच बचाव करने के साथ तलवार को छीनने लगा तो हरकलाल ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच अन्य लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह युवक के पास से तलवार को छीना। देव सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम उरबा में दबिश देकर अवैध महुआ शराब जप्त की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम उरबा निवासी सुखलाल राठिया अपने घर के बाड़ी में बिक्री के लिए महुआ शराब रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुखलाल राठिया पिता सोभीत राठिया निवासी उरबा के कब्जे से कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को जप्त किया गया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## नियमित नहीं होती कक्षाओं की सफाई, कचरा के बीच पढ़ते हैं बच्चे

# साफ सफाई के अभाव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में एक ओर जहां कुछ दिन पूर्व बड़े ही धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर, गणवेश, पुस्तक देकर स्वागत किया गया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल प्रबंधन के देख रेख के अभाव में स्कूल की हालत दयनीय हो गई है। आलम यह है कि स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे परिसर सहित कक्षाओं में नियमित सफाई नहीं होने से कक्ष में फैले कचरा के बीच पढ़ाई करने तथा परिसर में खेलने को मजबूर है। इधर परिजन ने स्कूल की सफाई नहीं होने से नाराजगी जताई है।

**खास बात**
- परिसर में जगह जगह फैला कचरा

शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूल की तरह न सिर्फ व्यवस्था हो बल्कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आए इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। नगर पंचायत प्रतापपुर में शासन की उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है लेकिन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही तथा देख रेख के अभाव में स्कूल परिसर कूड़ा करकट में तब्दील हो गया है। यहां तक की साफ सफाई के अभाव में स्कूल परिसर में जगह जगह कचरा है वही कक्षाओं में भी सफाई के अभाव में कचरा बिखरे हुए है। हैरानी की बात तो यह है कि जो छत्तीसगढ़ सरकार के स्टैंडर्ड स्कूलों में गिनती आती है उसकी हालत दयनरीय है।स्कूल में प्रारंभ से ही चपरासी का अभाव है। हालांकि सरकार द्वारा प्यून अटैच किया है लेकिन वह भी नहीं आता। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि स्कूल में कोई चपरासी है ही नहीं जिससे चपरासी के अभाव में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। नियमित साफ सफाई नहीं होने से स्कूल की हालत दयनीय होती जा रही है। स्थिति यह है कि बच्चे कूड़ा करकट गंदगी के बीच स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्कूल में 15 दिन या माह भर में एक बार झाड़ू लगाता है जिससे बच्चों के मानसिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है। कूड़ा करकट लगातार बढ़ने से मच्छरों का प्रकोप एवं कीटाणु कीड़े स्कूल के अंदर रेंगते रहते हैं जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने पर शिक्षकों ने कई बार प्रशासन से चपरासी की मांग की लेकिन आज तक मांग पूरी नही हो सकी जिससे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां स्कूल में ही उड़ाई जा रही है।



स्कूल परिसर में फैले कचरा।



क्लास में बीखरे कचरा।

### असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

एम ओर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भृत्य के नहीं होने से साफ-सफाई की समस्या से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने और भी समस्या बढ़ा दी है। इतने बड़े स्कूल परिसर का रख रखाव और सफाई अच्छे सके और असामाजिक तत्व परिसर में दाखिल न हो इसे लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल परिसर खुला होने तथा कोई गार्ड के नहीं होने पर शाम ढ़लते ही परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जहां नशेड़ी बड़े आराम से नशाखोरी कर परिसर में ही कचरा फैला कर चले जाते है।

### परिजन में आक्रोश

बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके मद्देनजर प्रतापपुर सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में परिजन ने अपने बच्चों का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराया है। लेकिन स्कूल में साफ-सफाई नहीं होने तथा बरसात के इस मौसम में मच्छरों सहित गंभीर बीमारी के खतरा को लेकर परिजन चिंतित है। स्कूल में नियमित साफ-सफाई नहीं होने तथा बच्चों के सेहत से खिलवाड़ करने पर परिजन में काफी आक्रोश है।

### जांच करने करूंगी निर्देशित

मामले की जांच करने के लिए तत्काल दिशा निर्देशित करूंगी, अगर स्कूल में प्यून नहीं भी है तो सफाई की जिम्मेदारी प्राचार्य की होती है। स्कूल सभी का है।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

### स्कूल का करूंगा निरीक्षण

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सफाई नहीं होती है इसकी जानकारी नहीं है। सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मै स्वयं स्कूल का निरीक्षण करूंगा।

-एमएस धुर्वे
विकासखंड शिक्षा अधिकारी



# बाइकर्स गैंग ने शहर मचाया जमकर आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में बाइकर्स गैंग का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइकर्स गैंग के युवक नगर में फर्राटे भर रहे है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शनिवार को भी नगर में बाइकर्स गैंग का उत्पात देखने को मिला जहां एक मासूम बच्चा बाल बाल बचा जबकि बाइक भिड़ंत में युवक घायल हो गया। बाइकर्स गैंग के आतंक से अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई थी। रक्षा बंधन और विश्व आदिवासी दिवस के कारण शनिवार को नगर में भारी भीड़ मौजूद थी और इसी भिड में बाइकर्स गैंग के लोग शराब के नशे में कानफोड़ू साइलेंसर लगाकर बाइक से उत्पात महकाते नजर आए। बाइकर्स बैंग के लोग गुट बनाकर नगर में तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। इस दौरान कई बार भीड़भाड़ वाले इलाके में लोग इनकी चपेट में आने से बाल बाल बचे। इसके बाद भी बाइकर्स गैंग की रफ्तार कम नही हुई और वो शहर में जमकर आतंक मचाते रहे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने साइकिल से घर जा रहे वार्ड क्रमांक 14 निवासी सोनू नामक व्यक्ति के मासूम बच्चे को टक्कर मार दी। इस दौरान बच्चे को चोट आई है और उसकी कलाई टूट गयी। इसके साथ ही बाइकर्स गैंग ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक युवक की बाइक के ऊपर चढ़ गई। गनीमत रही की बाइक चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। इस दोनों घटना में अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई थी लेकिन लोगो ने बीचबचाव कर मामला शांत कर दिया। नगर में आतंक और दुर्घटना का पर्याय बन चुके बाइकर्स गैंग पर पुलिसिया कार्यवाही का भी कोई असर होता नजर नही आ रहा है। पुलिस ने बीच बीच मे वाहन चेकिंग के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर और तेज रफ्तार बाइकर्स गैंग के खिलाफ कार्रवाई भी की है इसके बाद भी बाइकर्स गैंग का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी ने बताया की ऐसे बाइकर्स गैंग के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। मोडिफाइड साइलेंसर और बिना ड्राइविंग लाइसेंस बाइक चालक को पकड़ा गया है और नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

- बाल बाल बचा साइकिल सवार बच्चा

# यात्रियों से भरी यात्री बस पलटने से बची, यात्रियों में मचा हड़कंप




हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत चंदोरा से चिकनी जजावल जाने वाली सड़क की स्थिति बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे अब हादसे को न्योता दे रहे है। आज उस समय एक बड़ी दुर्घटना टल गई जब यात्रियों से खचाखच भरी यात्री बस पलटने से बाल-बाल बच गई। इस बीच यात्रियों में हड़कंप मच गया था।

हर रोज की भांति आज सवारी लेकर जा रही यात्री बस चंदोरा से महज कुछ दूर ही गड्ढों में फंसकर पटलने की स्थिति में थी जबकि बस में लगभग 80 से 100 यात्री बैठे थे। बस के पलटने की स्थिति निर्मित हो जाने से सवारियों के बीच अफरा तफरी मच गई थी। हालांकि चालक सूझबूझ और ग्रामीणों की मदद से बड़ी घटना टल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार पर निष्क्रियता और लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के मनमानी रवैया के कारण ऐसी स्थिति बनी है। रास्ता इतना खतरनाक हो गया है कि बाइक से आना-जाना तो दूर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ठेकेदार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं जा रहा जिसका परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

- जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश

ग्रामीणों ने सड़क बनाने की मांग की है और अगर तत्काल सड़क बनाने की प्रक्रिया आरंभ नहीं की जाती है तो गांव वाले उग्र आंदोलन चक्का जाम करेंगे।

# युवती से छेड़छाड़, आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी युवती से छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही आदिवासी समाज ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पहले ही छेड़छाड़ के आरोपी युवक पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। विदित हो कि 9 अगस्त को ढेलसरा निवासी उमेश प्रधान ने युवती से छेड़छाड़ और मारपीट की थी। इस घटना की शिकायत पुलिस ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के धारा 296 351(2)115 (2) एवं 74 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं अब इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही सर्व आदिवासी समाज ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सोमवार को समाज के लोगों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना निंदनीय है और आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और फरार चल रहे आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। कार्रवाई नहीं होने पर समाज ने आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सुशील सिंह मरावी, जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, बिगन राम, कृष्ण कुमार सिंह, आरडी सिंह,,मनसुख राम, पार्षद अनमोल लकड़ा, इमानुएल लकड़ा, सरपंच सुखदेव भगत, नागेश्वर राम सहित अन्य मौजूद थे।




### जनपद सीईओ को हटाने की मांग, सर्व आदिवासी समाज ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत सीईओ को हटाने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया तथा मांग पूरी नहीं होने पर जनपद कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। जनपद पंचायत प्रतापपुर के सीईओ डॉ. निपेंद्र सिंह को हटाने की मांग लेकर एक माह से सरपंचों द्वारा विरोध किया जा रहा है। सरपंचों ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संभाग आयुक्त से मिलकर हटाने का मांग किया है। साथ ही एक दिन जनपद कार्यालय प्रतापपुर में भी धरना प्रदर्शन किया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर सरपंचों एवं जनपद सदस्य सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन जनपद कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज ने जनपद कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### उपमुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में सर्किट हाउस से गांधी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत तथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा सहित अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में 'भारत माता तथा 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली गई। गणमान्य नागरिकों के साथ निकली तिरंगा यात्रा के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद हमारे देश की सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन करने के लिए ये तिरंगा यात्रा आयोजित है। हर भारतीय को तिरंगे पर नाज़ है तथा तिरंगा आज विश्व क्षितिज पर गर्व और स्वाभिमान से लहरा रहा है। इस दौरान पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, मधुसूदन शुक्ला, राजकुमार अग्रवाल, विकास पांडे, संतोष दास, अजय प्रताप सिंह, विजय व्यापारी, अनिल अग्रवाल, रजनीश पांडे, निश्चल सिंह, अनिल तिवारी, रिंकू वर्मा, रवीन्द्र भारती, रमेश जायसवाल तथा संजू वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### तिरंगा यात्रा रैली में शामिल हुई मंत्री राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** भैयाथन में मंडल स्तर का तिरंगा रैली में निकाली गई। रैली में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सम्मिलित हुई। इस अवसर पर वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू , जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, भाजपा नेता शीतल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर युवकों ने भाई-बहन के साथ की मारपीट

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रायकेरा निवासी सरफराज खान आ.इम्तियाज खान (21 वर्ष) परिवार के साथ नवागढ़ किराए के मकान में रहकर खरसिया नाका के समीप टायर दुकान में काम करता है। शुक्रवार की रात बहन शाहीन बेगम के साथ नवागढ मस्जिद के समीप अंडा ठेला में अंडा लेने गया था। तभी वहां पहले से मौजूद बादल एवं उसके साथियों ने युवक को देख पहले गाली-गलौज किया फिर शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे। जब युवक ने पैसा देने से इंकार किया तो सभी ने मिलकर भाई बहन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इधर लड़ाई झगड़ा की आवाज सुनकर पिता इम्तियाज मौके पर बीच बचाव करने लगा तो बादल ने पत्थर से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 119,296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# हर घर तिरंगा प्रधानमंत्री का उद्घोष, प्रत्येक बूथ में 50 झंडे फहराएं : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा व विभाजन विभिषिका दिवस कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा तथा जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपमा सिंह के आतिथ्य में हुई।

- कहर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई भाजपा की बैठक

बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि हर घर तिरंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्घोष है इसलिए प्रत्येक बूथ में कम से कम 50 झंडे जरूर फहराएं। 14 अगस्त को प्रत्येक शक्ति केंद्र में तिरंगा यात्रा आयोजित करना है साथ ही मंडल स्तर पर मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा निकालना है। उन्होंने कहा कि देश के विभाजन की त्रासदी को हमारी नई पीढ़ी देखे और विभीषिका को सहने वाले लाखों भारतवासियों का दर्द महसूस कर सके इसलिए यह दिवस मनाना जरूरी है। उन्होंने 14 अगस्त की सुबह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित करने का आह्वान किया। अभियान के जिला प्रभारी व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा लगाना है तथा अपने परिवार के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया तथा सरल एप में डालना है। भारत के अलावा दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जिसका विभाजन धर्म के आधार पर हुआ हो। देश के प्रत्येक नागरिक को अपने देश का इतिहास जानना चाहिए। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं को उत्साह व समर्पण के साथ जुट जाना है। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपमा सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान तिरंगा झंडा का अपमान न हो तथा शाम 5 बजे तिरंगा उतारा जाए इसकी चिंता भी करनी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीयों के युद्ध विराम कर दिया गया, भारत के लोग हाथों में तिरंगा लेकर सुरक्षित निकल गए ये हमारे तिरंगे की ताकत थी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती अरूणा सिंह, श्रीमती फूलेश्वरी सिंह, सावित्री जायसवाल, किरण मिश्रा, मधु चौदह, विकास पाण्डेय, अंकित जायसवाल, आलोक दुबे, विजय व्यापारी, मनोज कंसारी , निश्चल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>हड्डी रोग विषेशज्ञ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित<br>हड्डी रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. मनोज भारती<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ | डॉ. संगिता भारती<br>चर्म रोग एवं सौन्द्रर्य विशेषज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता<br>न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. राहूल शामकांत जाधव<br>एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट |
| डॉ. मीना राव<br>आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट | डॉ. सुरभि<br>दंत एवं मुख विषेशज्ञ |
| डॉ. हेमलता साहू<br>फिजियोथैरेपी | तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर<br>1.5 TESLA MRI |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध


12
अगस्त
जय श्री हनुमान जी
सस्नेह निमंत्रण
अत्यंत हर्ष का विषय है कि नव निर्मित
इच्छापूर्ति दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर
में
श्री सुन्दरकाण्ड पाठ
मेरे जन्मदिन के अवसर पर किया जाना है।
कृपया सपरिवार पधारकर आयोजन को सफल बनायें
एवं पुण्य के भागीदार बनें।
दिनांक - 12 अगस्त 2025, मंगलवार | समय - सायं 5.30 बजे से
स्थान - कलेक्टोरेट परिसर, अम्बिकापुर
प्रसाद एवं रात्रि भोज - सायं 8 बजे से
निवेदक - डॉ. डी.के. सोनी अधिवक्ता एवं आर.टी.आई. एक्टिविस्ट
एवं समस्त सोनी परिवार
Bharat Gaurav Ratna
Shri Sammaan Council
Certificate of Membership
Certificate
Dineshwar Prasad Soni
RTI Activist
HAPPY BIRTHDAY
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष
सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष,
आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता
डॉ. डी.के. सोनी जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत : हैप्पी फैमली ग्रुप, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप

### कोरिया में अमर करेंगे ध्वजारोहण

बैकुण्ठपुर। छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के जिला



स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथियों की सूची जारी कर दी है। कोरिया जिले में इस बार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि छग शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बिलासपुर विधानसभा के विधायक अमर अग्रवाल होंगे। वे ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश वाचन करेंगे। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था की तैयारियां संबंधित विभागों द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

### ब्रह्माकुमारी ने कैदियों को बांधी राखी



बैकुण्ठपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर की ओर से ब्रह्माकुमारी सुनीता के नेतृत्व में स्थानीय कारागार में महिला और पुरूष बंदियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांधकर बधाई दी गइ्ं। इस अवसर पर 10 महिला और 110 पुरूष बंदियों को ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने हाथों से रक्षा सूत्र बांधा। बीके रूपा बहन ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि बहन भाई को राखी बांधकर उसकी रक्षा की अपेक्षा करती है, लेकिन असली अर्थ है पहले स्वयं की रक्षा करना। हर बुराई और कमजोरी से खुद को बचाकर, मन, वचन और कर्म में पवित्रता लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राखी के साथ दिया जाने वाला उपहार वास्तव में दुआ का आदान-प्रदान है। बहनों ने बंदियों से आग्रह किया कि वे परमात्मा को साक्षी मानकर अपनी कोई बुराई छोड़ने का संकल्प लें। जेल अधीक्षक अबीद रजा ने कहा कि बहनों के आगमन से बंदियों को अपने परिजन की कमी महसूस नहीं होती। इस दौरान सभी बंदियों ने खर्ची के रूप में अपनी बुराई त्यागने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक और उनके स्टाफ को भी रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाए दी गईं।

### ओल्ड पेंशन योजना में सुधार की मांग

खड़गवां। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने 10 अगस्त को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके गृह ग्राम रतनपुर स्थित निवास में ससम्मान मुलाकात कर ओल्ड पेंशन योजना से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। संघ के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि एलबी संवर्ग के जिन शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 1998 या उसके बाद हुई थी, उनका संविलियन 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ। ऐसे शिक्षकों की सेवा गणना पेंशन के लिए 2018 से मानी जा रही है। परिणाम स्वरूप जो शिक्षक 2028 के पूर्व सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

---

**18 एकड़ में लीची** — आम की खेती से बदलेगी आदिवासी किसानों की किस्मत, आत्मविश्वास में हुई बढ़ोतरी

# गोलाघाट: पहाड़ और जंगलों के बीच आधुनिक बागवानी की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के बैकुंठपुर ब्लाक का ग्राम गोलाघाट, जो चारों ओर से पहाड़ और घने जंगलों से घिरा है, अब आधुनिक बागवानी और सब्जी उत्पादन का चमकता उदाहरण बनकर उभर रहा है। कभी परंपरागत खेती पर निर्भर रहने वाले यहां के आदिवासी किसान अब 18 एकड़ में लीची, आम और विभिन्न मौसमी सब्जियों की खेती कर रहे हैं। इस बदलाव से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। आधुनिक तकनीक, सिंचाई साधनों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर यहां के किसान बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप और कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की पहल पर वनाधिकार पट्टाधारी किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उद्यानिकी विभाग ने ठोस योजना बनाई। गांव के सात किसानों पावेरूस मिंज, जयप्रकाश, बीरबल, संतोष, विजय, विश्वास और मनोहर ने इस योजना के तहत बागवानी का रास्ता अपनाया।



जिला उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक विनय त्रिपाठी ने बताया कि पश्चिम बंगाल की साही प्रजाति की 1600 से अधिक लीची पौधों को 7-7 मीटर की दूरी पर लगाया गया है। पौधों के बीच बरबट्टी, लौकी, टमाटर, करेला, खीरा और तोरई जैसी सब्जियां उगाई जा रही हैं। खेतों की चार दीवारी में चौसा, दशहरी और लंगड़ा किस्म के 300 से अधिक आम के पौधे भी रोपे गए हैं। पूरी बागवानी को ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, बोरिंग और फेसिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार तीन साल में लीची का उत्पादन शुरू हो जाएगा और यह उन्नत किस्म लंबे समय तक फल देती रहेगी। आम और सब्जियों से तुरंत आय भी शुरू हो गई है।

### आत्मनिर्भर हो रहे वनांचल के किसान

किसानों ने कहा कि इस पहल से वे अब केवल धान पर निर्भर नहीं रहेंगे। पावेरूस मिंज के शब्दों में इन फसलों से धान से भी अधिक मुनाफा मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिले में फल, फूल, दलहन, तिलहन, सब्जी और शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। गोलाघाट की प्राकृतिक सुंदरता और किसानों की लगन अन्य क्षेत्रों के किसानों को भी प्रेरित करेगी।

---

राजधानी तक अब भी नहीं है सीधी ट्रेन

# मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी रेल सुविधाओं में उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

रेल सुविधाओं के मामले में मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी क्षेत्र आज भी उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। आजादी के 75 से अधिक वर्षों बाद भी इस अंचल के लोगों को प्रदेश की राजधानी रायपुर तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। परिणाम स्वरूप यहां के यात्रियों को राजधानी की यात्रा किस्तों में पूरी करनी पड़ती है। पहले बिलासपुर या अन्य बड़े स्टेशन तक और फिर वहां से रायपुर के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी पड़ती है।



कोरोना महामारी से पहले चिरमिरी-रीवा ट्रेन रोजाना चला करती थी, जिससे मध्यप्रदेश की दिशा में जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलती थी, लेकिन कोविड 19 प्रतिबंधों के बाद इस ट्रेन की आवृत्ति घटाकर सप्ताह में मात्र 3 दिन कर दी गई, इसके कारण रीवा और आसपास के क्षेत्रों की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उन्हें मन मारकर यात्रा की तिथि बदलनी पड़ती है या वैकल्पिक और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और यात्री संगठनों का कहना है कि राजधानी रायपुर तक सीधी ट्रेन शुरू करना अब समय की मांग है, इसके साथ ही चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को नागपुर तक बढ़ाने की मांग भी जोर पकड़ रही है, इससे न केवल छग की राजधानी से सीधा संपर्क स्थापित होगा, बल्कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट के बीच यातायात व व्यापारिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होगी। कुछ यात्री संगठन तो यहां तक कह रहे हैं कि चिरमिरी से शहडोल नागपुर के बीच एक नई ट्रेन सेवा शुरू की जाए, ताकि पूर्वी छग, मध्यप्रदेश और विदर्भ क्षेत्र के बीच यातायात को नई दिशा मिल सके। विशेषज्ञ मानते हैं कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन के क्षेत्र में भी बड़ा सुधार आएगा। चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्रों में कोयला, लकड़ी और खनिज संपदा का परिवहन भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी अंचल में रेल सुविधाओं का विस्तार अब महज सुविधा नहीं, बल्कि विकास की बुनियादी आवश्यकता बन चुका है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संगठनों को इस विषय पर एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि रेलवे मंत्रालय तक क्षेत्र की समस्याओं की गूंज पहुंचे और लंबे समय से अटकी रेल कनेक्टिविटी के सपने को हकीकत में बदला जा सके।

---

# ट्रैफिक मैन महेश को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के यातायात विभाग में पदस्थ कर्मी महेश मिश्रा को सर्वोच्च सम्मान



- 15 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव करेंगे सम्मानित

राष्टपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में रायपुर में मुखयमंत्री विष्णुदेव साय उन्हें पदक प्रदान करेंगे। इस सम्मान के साथ उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी मिलेगा। पिछले 18 वर्षों से शासकीय ड्यूटी निभाते हुए डॉ. महेश मिश्रा ट्रैफिक मैन के रूप में कोरिया और पूरे छग में खास पहचान रखते हैं। वर्ष 2022 में उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ था। उन्होंने स्कूल-कॉलेजों में स्वयं के खर्च पर 500 से अधिक ट्रैफिक जागरूकता शिविर आयोजित कर 4 लाख से अधिक लोगों को यातायात के प्रति प्रशिक्षित और जागरूक किया है।

### प्रमुख उपलब्धियां

- 18 वर्षों से यातायात सेवा में निरंतर योगदान
- 500+ ट्रैफिक जागरूकता शिविर स्वयं के खर्च पर आयोजित
- 4 लाख से अधिक लोगों को यातायात नियमों का प्रशिक्षण
- वाहन चालकों को निःशुल्क चश्मा वितरण
- सड़क के गड्ढे भरने जैसे जनहित कार्य
- कोरोना काल में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद
- इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2022) में नाम दर्ज
- संस्कृत, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर गोल्ड मेडलिस्ट
- वर्तमान में यातायात जागरूकता पर पीएचडी स्कॉलर

---

# कोतमा: तेज रफ्तार का कहर, 5 युवकों की दर्दनाक मौत, गांव में मातम

**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल हाईवे 43 पर रेऊंदा गांव के पास रविवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे अंचल को दहला दिया। महज 17 से 21 वर्ष की उम्र के 5 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना का मुख्य कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है।

ग्राम छोट बेलिया निवासी भोला केवट की स्कार्पियों को उनका पुत्र और साथी युवक सैर-सपाटे के लिए लेकर निकले थे। वाहन झिरियाटोला से छोट बेलिया की ओर तेज रफ्तार में दौड़ रहा था। इसी दौरान राजनगर दिशा से अपनी ढोलक बनवाने जा रहे बाइक सवार अमृत चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी निगवानी उरतान, स्कार्पियों की चपेट में आ गए।



मौके पर लोगों की भीड़

### तेज रफ्तार पर काबू जरूरी

यह हादसा एक बार फिर साबित करता है कि तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग जानलेवा है। सड़क पर एक लापरवाही न सिर्फ वाहन सवारों की, बल्कि राह चलते निर्दोष लोगों की भी जान ले सकती है। राजनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों को अनूपपुर जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया जाएगा।

### अनियंत्रित स्कार्पियो ने मचाई तबाही

तेज रफ्तार के चलते स्कॉर्पियों चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। पहले बाइक को जोरदार टक्कर मारी, फिर सड़क पर 3-4 बार पलटी खाई और किनारे निर्माणाधीन मकान की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक मौके पर ही दम तोड़ बैठे। मृतकों में सौरभ प्रधान निवासी छोट बेलिया, शुभम अहिरवार निवासी छोट बेलिया ,राहुल केवट निवासी छोट बेलिया, पुष्पेन्द्र घसिया निवासी छोहरी, अमृत चौधरी निवासी निगवानी उरतान (बाइक सवार, ढोलक वादक) शामिल रहे।

### गांव में पसरा मातम

हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार सभी युवक पढ़ाई और रोजगार की तलाश में संघर्ष कर रहे थे और छुट्टी के दिन घूमने निकले थे, लेकिन तेज रफ्तार ने उनकी जिंदगी खत्म कर दी।

### कार की टक्कर से महिला व बच्ची की गई जान

**बतौली-सेदम/सीतापुर।** एनएच 43 पर तेज रफ्तार कार के चालक ने शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने रक्षा बंधन मनाकर लौट रहे बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया। इस घटना में महिला और मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान कार चालकों ने बाइक समेत परिवार को 20 मीटर तक घसीटा। इतना ही नहीं भागते समय सीतापुर में उन्होंने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। सीतापुर में पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार सीतापुर आदर्शनगर निवासी 27 वर्षीय विक्की तुरिया आ.राम सुन्दर तुरिया पत्नी लक्ष्मी व 2 वर्षीया बेटी बेबी को लेकर रक्षा बंधन मना कर बाइक से ससुराल अम्बिकापुर के लुचकी गया हुआ था। वापस अपने घर समय माझापारा पुलिया के समीप तेज पीछे से तेज रफ्तार अरटिगा कार क्रं. सीजी 12 एजी 5638 के चालक ने टक्कर मार दी। युवक शराब के नशे में इस कदर धुत थे कि उन्होंने टक्कर के बाद भी कार नहीं रोकी और दम्पति व बच्ची को बाइक समेत 20 मीटर तक घसीटा। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गए। इस घटना में बाइक सवार महिला लक्ष्मी और उसके 2 साल के बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया।

---



# किसानों को मिला दावा भुगतान

## 122 किसानों को 2.11 लाख रूपए से अधिक की सहायता

**बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम रबी वर्ष 2024-25 में पात्र किसानों को दावा राशि का भुगतान किया गया। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) आधारित स्वचलित प्रणाली के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में आयोजित कार्यक्रम में जिले के किसान वर्चुअल माध्यम से केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन से जुड़े। उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती ने बताया कि जिले के 122 बीमित किसानों को गेहूं एवं सरसों की फसल में हुए नुकसान के बाद कुल 2,11,465 रूपए का दावा

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

भुगतान किया गया है। इनमें ग्राम आंजोखुर्द के किसान रामप्रताप को 22,943.70 रूपए, मोहरलाल को 13,142.40 रूपए, ग्राम तेंदुआ के सुनील कुमार को 7,640.50 रूपए ग्राम जमगहना के सज्जन सिंह को 6,269.63 रूपए और समऊ सिंह को 4,982.44 रूपए की राशि दी गई। इसके अलावा ग्राम जमगहना के धर्मजीत, कसरा के कुंज बिहारी जायसवाल, ललित कुमार साहू, रामचंद्र, रामटहल सहित अन्य किसानों को भी दावा भुगतान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैकुंठपुर श्रीमती वंदना सिंह श्याम, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

---

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की दी गई जानकारी

# नगर पालिका में लगा शिविर, 22 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करने और इसके महत्व की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना, बिजली बिल में बचत सुनिश्चित करना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। इसीक्रम में 11 अगस्त को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के परिसर में शिविर का आयोजन किया गया, इसमें योजना का लाभ लेने के इच्छुक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि छग सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने वाली हॉफ बिजली बिल योजना में संशोधन करते हुए




अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को भी गति दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने पर उपभोक्ताओं को केन्द्र और राज्य सरकारों से संयुक्त रूप से अधिकतम 1,08,000 रूपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### योजना के प्रमुख बिंदु

1 किलोवाट क्षमता वाले प्लांट से प्रति माह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर 45,000 की कुल सब्सिडी दी जाती है। उपभोक्ता को केवल 15,000 वहन करना होता है, 2 किलोवाट प्लांट से औसतन 240 यूनिट बिजली उत्पादन संभव है। इसमें 90,000 रूपए तक सब्सिडी मिलती है और उपभोक्ता को 30,000 रूपए खर्च करना होता है, 3 किलोवाट प्लांट से औसतन 360 यूनिट उत्पादन होता है, जिस पर 1.08 लाख रूपए की सहायता मिलती है। इसमें उपभोक्ता अंश 72,000 रूपए होता है, जिसे ऋण सुविधा से चुकाया जा सकता है। विशेष बात यह है कि 2 किलोवाट या अधिक क्षमता वाले सौर प्लांट 25 वर्षों तक प्रतिमाह 200 यूनिट से अधिक बिजली उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं, जो हॉफ बिजली बिल योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट से भी ज्यादा है, इससे उपभोक्ता बिजली खर्च से मुक्त हो सकते हैं और अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। छग सरकार की यह पहल सस्ती बिजली, स्थायी बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में रणनीतिक कदम है, इससे उपभोक्ता योजना पर निर्भर न रहकर स्वयं उजार्दाता बन सकेंगे। यह राज्य को स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मजबूती प्रदान करेगा।

---

# मंदिर स्थल को बचाने कायस्थ समाज ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

**डोमनहिल।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मनेन्द्रगढ़ और ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से हल्दीबाड़ी स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि नजूल भूखंड क्रमांक 13, -38 पर पिछले 20 वर्षों से सांई मंदिर, गणेश अंबिका मंदिर और चित्रगुप्त धाम मंदिर स्थापित हैं, जो नगर की धार्मिक आस्था से जुड़े हुए हैं। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रस्तावित अस्पताल विस्तार कार्य के कारण मंदिर स्थल प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने आग्रह किया कि अस्पताल विस्तार ऐसा हो, जिससे धार्मिक स्थलों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे, इसके लिए उन्होंने दक्षिण भाग में लगभग 6 हजार वर्ग फुट में स्थित जर्जर मकान को अस्पताल विस्तार के लिए उपयोग करने का सुझाव दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि श्री चित्रगुप्त मंदिर केवल स्थानीय कायस्थ परिवारों ही नहीं, बल्कि कोरिया एमसीबी क्षेत्र और मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र हैं। विशेष अवसरों पर यहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर भव्य धार्मिक आयोजन करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आस्था के प्रतीक इन स्थलों को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुंचने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विकास भी नगरवासियों की भावनाओं और परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी आरबी श्रीवास्तव, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, लखनलाल श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, बृजभूषण श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।


12 अगस्त
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सरगुजा सोसायटी
फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता
HAPPY BIRTHDAY
डॉ. डी.के. सोनी जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
मनोज तिवारी
हेमंत तिवारी
पवन पाण्डेय
मो. शाहिद
अरविंद सिंह
मिथलेश सिंह
राकेश सिन्हा
विकास श्रीवास्तव
सोनु सोनी
मनोज सिन्हा
मनोज गुप्ता
राकेश सिंह
संपूर्णांक गुप्ता
विमलेश साहू
दिनेश प्रसाद
मतलुब आलम
विक्रम खलखो
सोनू यादव
नवनीत कुमार सिंह
विनीत : समस्त अधिवक्तागण, जिला - सरगुजा

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां हुई प्रारम्भ

**विश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर एक दिन पहले अखंड कीर्तन शुरू कर दिया जाएगा,इसके बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन विधिवत पूजा अर्चना की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी,इसी तरह ग्राम गोविन्दपुर कुन्दा कालोनी में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दुसरे दिन 17 अगस्त रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री रामचरितमानस एवं रामायण प्रश्नोत्तरी ज्ञान प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें 10 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागी निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से शामिल हो सकते है।

### बच्चों ने किया प्राचीन मंदिर परिसर में पौधरोपण



**शंकरगढ़।** विकासखंड के ग्राम हर्राटोली में स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में छोटे बच्चों ने पौधरोपण किया। अम्बिकापुर ओपीएस में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के प्रथम जायसवाल व कक्षा 2री के छात्र उत्कृष्ट जायसवाल ने अपनी माँ गीतांजनी जायसवाल के साथ मंदिर परिसर में नारियल, केला, आंवला, सुपाड़ी, आम सहित अनेकों प्रकार के फल फूल वाले पौधे रोपे। बच्चों ने बताया कि जीवन के लिए पेड़ पौधे होना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों से आक्सीजन मिलता है और किसी भी जीव-जन्तु के लिए आक्सीजन बहुत जरूरी है। फल और फूल के पौधे भी पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते है। मंदिर के प्रांगण में सोभा बढ़ाने और श्रद्धलुओं की सुविधा के लिए फल फूल के पौधे लगाए गए है।

### प्राचार्य को हटाने की मांग लेकर विद्यार्थियों ने किया चक्काजाम, सौंपा ज्ञापन



**भैयाथान।** पं रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय के छात्र नए प्राचार्य की पदस्थापना के विरोध में सोमवार को सूरजपुर, प्रतापपुर, ओड़गी मार्ग में सांकेतिक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया तथा उच्च शिक्षा आयुक्त के नाम नायब तहसीलदार प्रियंका टोप्पो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि नव पदस्थ प्राचार्य चंद्रभूषण मिश्रा पूर्व में पं रविशंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। उनके कार्यकाल के दौरान 71 छात्र में से महज 1 छात्र ही परीक्षा में पास हुआ था जिसकी लेकर उनका विरोध हुआ था। उसके बाद उन्हें वहां से तत्काल हटा दिया गया था। उनकी पदस्थापना होने से छात्र लगातार विरोध कर रहे हैं। व उनके स्थान पर दूसरे प्राचार्य को पदस्थ करने की मांग कर रहे है। इस दौरान अभिषेक कुशवाहा, विशाल सोपापकार, उत्कृष्ट गुप्ता, प्रीति सिंह, पूजा सिंह सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मधु के काव्य संग्रह भाव सुमन का किया गया विमोचन



**सीतापुर।** नगर की सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं कवियत्री मधु गुप्ता महक के काव्य संग्रह भाव सुमन का विमोचन किया गया। कवियत्री मधु गुप्ता के निवास स्थान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राम कुमार टोप्पो के आतिथ्य में काव्य संग्रह का विमोचन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने काव्य संग्रह भाव सुमन की कवियत्री को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी ये काव्य संग्रह साहित्य के क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित करेगी। इस कार्यक्रम में कवि राजेश पांडेय अब्र, कृष्णकांत पाठक, रंजीत सारथी, मोहन राही, माधुरी जायसवाल, सीतापुर के कवि कृष्ण मोहन निगम, नीलम सोनी, प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कवियों ने कविता पाठ किया। इस कार्यक्रम का संचालन सुनील गुप्ता एवं आभार कवियत्री मधु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नगर के कविता प्रेमी एवं पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।

### पांच माह की गर्भवती महिला ने लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** खैरबार अमेरा डुगू निवासी साक्षी मिंज 6 माह पूर्व गांव के ही रोहित एक्का से प्रेम विवाह की थी जिसके बाद से युवती मायके पक्ष के लोगों से बातचीत करना बंद कर दी थी। इस बीच वह पांच माह की गर्भवती थी। गत दिन दोपहर जब पति काम पर गया था तभी साक्षी ने दरवाजा बंद कर कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तब लगा जब ससुर आया तो दरवाजा बंद देख खिड़की से देखा तो साक्षी फांसी में लटकी हुई थी। जब तब पिता-पुत्र ने किसी से उसे फांसी से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

## पटना गांव में प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच खदान संचालन के लिए बनी सहमति

# आमगांव खदान विस्तार का रास्ता हुआ साफ





बैठक में उपस्थित अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान के विस्तार के लिए ग्राम पटना में अधिग्रहित भूमि पर कोयला उत्खनन के लिए पिछले तीन चार माह से जारी जद्दोजहद ग्रामीणों की नाराजगी और प्रदर्शन के बीच आज पटना के ग्रामीणों ने खदान संचालन की अनुमति प्रबंधन को दे दी है जिससे आमगांव खदान विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो गया है।सहमति मिलने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

**खास बात**
- नौकरी व मुआवजा प्रकरणों का तेजी से होगा निपटारा

### 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण, 464 भू विस्थापित ग्रामीणों को मिलनी है नौकरी

एसईसीएल बिश्रामपुर की महत्वकांक्षी आमगांव खुली खदान परियोजना का वर्तमान में पटना गांव में विस्तार होना है।यहां से कोयला उत्खनन करने एसईसीएल ने 285 खातेदारों की करीब 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है।इसके एवज में कुल 464 लोगों को नौकरी दी जानी है जिसमें करीब 117 लोगों को अब तक नौकरी दी जा चुकी है,करीब 100 प्रकरणों की कागजी कार्यवाही जारी है।कई लोगों द्वारा अब तक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने से उनका प्रकरण लंबित है।भूमि अधिग्रहण की तिथि में 285 भू स्वामी थे जबकि मुआवजा तिथि को 358 भू स्वामी थे जिनका मुआवजा 81करोड़ निर्धारित हुआ जिसमें करीब 303 भू स्वामियों को 71 करोड़ की मुआजवा राशि दी जा चुकी है।शेष करीब 55 परिवारों का पारिवारिक विवाद अथवा दस्तावेजी खामियों की वजह से मुआवजा लंबित है।

सोमवार को ग्रामीणों से खदान संचालन के लिए सहमति बनाने के लिए पटना में जीएम डॉ संजय सिंह की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई जिसमें पटना की सरपंच विमलादेवी उपसरपंच सहित जनपद सदस्य राजस्व अमला और सब एरिया मैनेजर क्षेत्र के नोडल ऑफिसर एल एंड आर उपस्थित थे।घंटों चली बैठक के बाद तय हुआ कि जिस भूमि का प्रबंधन भू स्वामियों को नौकरी और मुआवजा उपलब्ध करा चुकी है उसी भूमि से प्रबंधन कोयला निकालेगी, साथ ही सभी नौकरी और मुआजवा के प्रकरणों का तेजी से निपटारे की सहमति बनी है।साथ ही करीब डेढ़ दो माह पूर्व आमगांव खदान में नौकरी पाने वाले सभी 114 कर्मियों की जिनकी हाजरी प्रबंधन ने करीब डेढ़ दो माह पूर्व रोकी थी उनकी भी ड्यूटी शुरू कराने की बात कही गई है।खदान के विस्तार के लिए सहमति बन जाने के बाद अब यहां से तेजी से कोयला उत्खनन के लिए प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सोनवाही निवासी हेमंत राजवाड़े आ. स्व.करमसाय (20 वर्ष) रविवार को गांव के ही अशोक राजवाड़े के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही मुख्य मार्ग किसान बीज भंडार के समीप पहुंचे तभी कार क्रमांक जेएच 01 डी डब्ल्यू 1475 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को लटोरी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत अशोक को मृत घोषित कर दिया वहीं हेमंत की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम चुनगढ़ी निवासी वीरेंद्र कुमार ठाकुर आ.प्रहलाद ठाकुर (34 वर्ष) गांव में ही बाइक से अकेले जा रहा था तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार सूरज, भुनेश्वर व राजू की बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य युवकों को मामूली चोटें आई। घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना में बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम गढ़ी टिकरा अमगांव निवासी अवध सिंह आ. रूपनारायण (26 वर्ष) 9 अगस्त की रात गांव के ही शिव प्रसाद के बाइक से नानी के घर जा रहा था। जैसे ही चरचा मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी मवेशी से टकरा गए। दुर्घटना में शिव प्रसाद को मामूली चोटें आई जबकि अवध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अवध की गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान आज तड़के उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार एक अन्य घटना में बतौली थाना अंतर्गत ग्राम गहिला निवासी करमू कुजूर आ. सुरजन कुजूर (25 वर्ष) 9 अगस्त की रात सेवा राम के साथ बाइक से रघुनाथपुर की ओर आया था। इसी दौरान कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे करमू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने करमू की हालत गंभीर होने पर दूसरे दिन उसे रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल हो रायपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन उसे वापस मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### सर्पदंश से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** जहरीले सांप के काटने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम तेंदूपारा निवासी विजय सिंह आ. भोलाराम (32 वर्ष) बीत रात घर में सो रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटने पर युवक परिजन को कुछ नही बताया और ममेरा भाई पवन को फोन कर सांप के काट लेने की बात बताई। घटना की जानकारी लगने पर ममेरा भाई ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने तहसीलदार की उपस्थिति में नपं व एसईसीएल की हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत होने वाली नगर पंचायत बिश्रामपुर में स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाए जाने के उद्देश्य से आज सोमवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर सभा कक्ष में तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में एसईसीएल प्रबंधन और नगर पंचायत प्रबंधन की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।

- निगरानी दल गठन पर बनी सहमति




बैठक में नगर पंचायत के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित विभिन्न वार्डो के पार्षद सीएमओ सहित नगर पंचायत व एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे,बैठक की शुरुआत में नगर पंचायत के सीएमओ सुशील तिवारी ने बताया कि हाल ही में नगर पंचायत बिश्रामपुर को 20 हजार की आबादी में स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे नगर पंचायत ने देश प्रदेश में नाम कमाया है,इसे हमें बरकरार रखना है,उन्होंने बताया कि नगर पंचायत का पूरा क्षेत्र एसईसीएल कॉलोनियों में समाहित है, ऐसे में साफ सफाई का कार्य एसईसीएल और नगर पंचायत दोनों कराती है, लेकिन स्वच्छता के हालात अच्छे नहीं है पूरी कॉलोनी में करीब 2200 एसईसीएल क्वार्टर है, उनके सेप्टिक टैंक आधे से अधिक बिना ढक्कन के खुले हालत में पड़े हुए हैं, जिनमें असमय मवेशी सहित कुत्ते,गाय गिर कर मर रहे हैं, सूचना के बावजूद एसईसीएल इस तरफ ध्यान नहीं देता,उन्होंने बताया कि कॉलोनी के आवासों के सामने का हिस्सा नगर पंचायत साफ सफाई कराता है जबकि क्वार्टर के पीछे के हिस्से की साफ सफाई कॉलरी प्रबंधन सालाना मेंटेनेंस के नाम पर हर दो वर्ष में टेंडर निकालते हुए ठेकेदार के जरिए कार्य कराता है, लेकिन सिविल विभाग के कथित अधिकारियों की लापरवाही से कॉलोनियों में प्रबंधन की लापरवाही से अधूरी साफ सफाई की जा रही है, इससे अव्यवस्था और गंदगी की स्थिति निर्मित हो रही है।बैठक में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष ने कॉलोनियों में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए संयुक्त निगरानी दल गठन की आवश्यकता जताते हुए कहा कि साफ सफाई की निगरानी के लिए एसईसीएल और नगर पंचायत बिश्रामपुर के अधिकारी इस बात की समीक्षा के लिए हर माह में एक बैठक रखें।निर्दलीय पार्षद संजीत यादव ने साफ सफाई की व्यवस्था के लिए प्रभावी तंत्र बनाने का सुझाव दिया और कहा कि केवल कागजों में सफाई न हो बल्कि शासन की भारी भरकम राशि हर माह खर्च हो रही है तो इसका मैदान में असर भी दिखना चाहिए।लटोरी तहसीलदार सुरेन्द्र पैकरा ने नपं और एसईसीएल को साफ सफाई की व्यवस्था बेहतर बनाने हेतु आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करने की समझाईश दी है।इस दौरान पिलखा उपतहसील नायब तहसीलदार मीना सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला देवी,पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव समेत वार्डो के पार्षद और निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### बाल गंगाधर तिलक गणपति...

तिलक की प्रेरणा से यह प्रयास आरंभ किया था, जिसका उद्देश्य न केवल भक्ति का विस्तार करना है, बल्कि समाज में एकता, पर्यावरण जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी स्थापित करना है। समिति का यह आयोजन आने वाले वर्षों में शहर को एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। बैठक मे निलेश सिंह, गोल्डी बिहाड़े, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, सोमनाथ सिंह, अरुणा सिंह, रूपेश दुबे, दूधनाथ गोस्वामी, मधुसूदन शुक्ला, विजय सोनी, संजय सिंह, जितेंद्र सोनी, अनीश सिंह, शरद सिन्हा, सिद्धार्थ मिश्रा, शुभम जायसवाल, कृष्ण कुमार शर्मा, धनंजय मिश्रा, मैंगो यादव, सिंधु सोनी, भूरा सिंह, गोलू गोस्वामी, त्रिलोचन राजवाड़े, अजय सिंह, अंशुल श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय सिंह, नवजोत सिंह, प्रिया सिंह, शालिनी सिंह, दिव्यांशु केसरी, श्रीधर केसरी, दीपक यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, शशिकांत जायसवाल , धीरेंद्र शर्मा, आलोक दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिला सिर्फ दो...

ने राशन दुकान संचालक पर चावल गबन का आरोप लगाया। ग्राम पंचायत में लगभग 700 राशन कार्ड धारी है और ग्रामीण धीरेन्द्र कुमार व अन्य लोगों का आरोप है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में संचालक ने उनसे तीन महीने का चावल देने के नाम पर पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाया गया लेकिन चावल सिर्फ दो महीने का ही दिया गया। संचालक ने बताया कि दुकान व गोदाम में जगह नहीं होने से सिर्फ दो माह के राशन का भंडारण हुआ है और शेष एक माह के राशन का भंडारण अगले माह किया जाएगा लेकिन अब जुलाई के बाद अगस्त का आधा महीना बीतने को है लेकिन संचालक द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। संचालक ग्रामीणों को झूठ बोलकर वापस भेज देता है।

### गंभीर मरीज को पिकअप में भरकर...

सोशल मीडिया में वायरल हुआ और घटना की जानकारी स्थानीय विधायक राम कुमार टोप्पो को दी गई जिसके बाद विधायक भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान एंबुलेंस को बुलाकर मरीज को शिफ्ट कराया गया। अब इस मामले में सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने जांच के निर्देश दे दिए है।






# एनएच 343 पर पहुंचे 37 हाथी, आधे घंटे तक बाधित रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को देर शाम वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत उधेनुपारा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 पर 27 हाथियों के पहुंचने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। उपस्थित वनकर्मियों ने दोनों ओर से आवागमन रोका तो हाथियों का काफिला मुख्यमार्ग पार कर दूसरी तरफ पहुंचा। हाथियों के कुछ दूर निकलने के बाद आवागमन सुचारू किया गया।

वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में भ्रमण कर रहा 27 हाथियों का दल शनिवार की रात वन परिक्षेत्र राजपुर के सीमावर्ती जंगल में दाखिल हो गया तथा आसपास के जंगलों में खेतों में घूमता रहा। रविवार को शाम ढलने के पूर्व ही हाथियों का दल जंगल के रास्ते तेज गति से आगे बढ़ने लगा। रात्रि 8.30 बजे हाथी ग्राम चरगढ़ स्थित आईटीआई के पास पहुंच गए एवं उर्धनुपुर के पास एनएच 343 को पार करने की कोशिश करने लगे। इस दौरान एनएच से वाहनों का लगातार आवागमन होने के कारण हाथी सड़क के निकट खड़े थे। सड़क से गुजर रहे यात्रियों की हाथियों पर नजर पड़ी तो अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। यात्री तेज गति से आवागमन कर रहे थे। उपस्थित वनकर्मियों ने बीच सड़क पर खड़े होकर दोनों ओर से वाहनों का आवागमन रोका तो हाथियों ने कतारबद्ध होकर एनएच को पार किया। हाथियों के दूर निकलने पर आवागमन सुचारू किया गया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक एनएच 343 से आवागमन अवरूद्ध रहा जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू ने बताया कि हाथियों का दल नरसिंहपुर, धंधापुर, चौरा-दुप्पी के रास्ते मरकाडांड जंगल में मौजूद है। हाथियों के प्रतापपुर जंगल की ओर जाने की संभावना है।

## अपहृत बालक को पुलिस ने रायपुर से किया बरामद, किया परिजन के सुपुर्द

**सूरजपुर।** थाना अन्तर्गत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 16 वर्षीय पुत्र 6 अगस्त की सुबह बिना बताए कहीं चला गया जिसकी काफी खोजबीन करने पर नहीं मिला। परिजन ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने गुम इंसान कायमी उपरान्त अपहरण की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दिया। अपहृत बालक की तलाश के दौरान पुलिस ने जब तकनीक की मदद ली तो पता चला की अपहृत बालक वर्तमान में रायपुर में है। पुलिस टीम रायपुर रवाना हुई और गहन खोजबीन के बाद बालक को दस्तयाब कर वापस लाया तथा परिजन के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ पर बालक ने बताया कि उसे रायपुर घूमना था लेकिन परिजन मना करते थे इसलिए बिना बताए रायपुर के लिए निकला था। वहीं दूसरे मामले में गुम 22 वर्षीय युवती को थाना पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने की नव पदस्थ जिपं सीईओ से सौजन्य भेंट

**सूरजपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ से सौजन्य भेंट कर विभागीय समस्याओं से अवगत कराया। फेडरेशन ने बताया कि शिक्षाकर्मी कालखंड के सेवा सत्यापन अभाव में, जिला पंचायत द्वारा सेवा सत्यापन की कॉपी मांगी जाती है, जबकि कोर्ट से केस जीत चुके हैं और जिला पंचायत में राशि आकर जमा पड़ा हुआ है, लेकिन सेवा सत्यापन के अभाव में शिक्षकों तक राशि नहीं पहुंच पा रही है। इस सम्बंध में विधिवत पूर्ण समय देते हुए जिला पंचायत सीईओ ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उक्त मांग को सक्रियता से फेडरेशन के संयोजक डॉ. आरएस.सिंह के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती प्रतिमा सिंह एवं ब्लॉक फेडरेशन प्रतापपुर के संयोजक राजकुमार सिंह रखा। फेडरेशन महासचिव इक़बाल अंसारी ने मांगों का त्वरित निराकरण करने की पहल करने हेतु आग्रह किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष आदित्य शर्मा, प्रदेश लिपिक संघ के जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।






